Series &RQPS

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **71**

रोल नं.
Roll No.

| परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें । Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book. |
|---|

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **9** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# चित्रकला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# PAINTING (Theory) (History of Indian Art)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 30*

**सामान्य निर्देश :**

* **खण्ड – क**

  **सभी** प्रश्न हल कीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का होगा ।)

* **खण्ड – ख**

  **सभी** प्रश्न हल कीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का होगा ।)

* **खण्ड – ग**

  किन्हीं **दो** प्रश्नों को हल कीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का होगा ।)

## खण्ड – क
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : **8 × 1 = 8**

(A) निम्नलिखित में से किस चित्र में लगातार कथा चित्रण है (यानि एक दृश्य के अंदर बहुत सारे प्रकरण) ? **1**

(i) मारु रागिनी (ii) चौगन के खिलाड़ी

(iii) राधा बनी–ठनी (iv) भरत का राम से चित्रकूट में मिलाप

(B) **अभिकथन (A) :** किशनगढ़ शैली की सबसे प्रमुख विशेषता नारी सौन्दर्य है ।

**कारण (R) :** किशनगढ़ शैली के संरक्षक और चित्रकार दोनों ही नारी सौन्दर्य के उपासक थे । **1**

(i) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(ii) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(iii) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(iv) (A) गलत है तथा (R) सही है ।

(C) काँगड़ा लघुचित्र शैली से सम्बंधित चित्रकार का चयन कीजिए । **1**

(i) राजा रवि वर्मा (ii) डॉ. अरविन्द सिंहानिया

(iii) नैनसुख (iv) देवी प्रसाद राय चौधरी

(D) किसने मुगल लघुचित्र शैली के कलाकार उस्ताद मंसूर को "नादिर उल असर" नाम दिया था ? **1**

(i) बाबर (ii) हुमायूँ

(iii) जहाँगीर (iv) औरंगजेब

**General Instructions :**

* **SECTION – A**

Attempt **all** questions. (Each Question will carry **1** mark.)

* **SECTION – B**

Attempt **all** questions. (Each Question will carry **2** marks.)

* **SECTION – C**

Attempt any **two** questions. (Each Question will carry **6** marks.)

## SECTION – A
## (Multiple Choice Questions)

1. Select the right answer from the given options : **8 × 1 = 8**

(A) Which of the following painting is a continuous narrative (that means various episodes have been shown in a single scene) ? **1**

(i) Maru - Ragini (ii) Chougan Players

(iii) Radha Bani Thani (iv) Bharat meets Rama at Chitrakut

(B) **Assertion (A) :** Female beauty is the most important feature of Kishangarh school.

**Reason (R) :** Both the patron and painters of the Kishangarh school were worshipers of female beauty. **1**

(i) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(ii) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).

(iii) (A) is true but (R) is false.

(iv) (A) is false but (R) is true.

(C) Select the painter associated with the Kangra school of Miniature painting. **1**

(i) Raja Ravi Varma (ii) Dr. Arvind Singhania

(iii) Nainsukh (iv) Devi Prasad Roy Chowdhury

(D) Who gave the title "Nadir ul Asr" to an artist Ustad Mansoor of Mughal school of miniature painting ? **1**

(i) Babar (ii) Humayun

(iii) Jahangir (iv) Aurangzeb

(E) **अभिकथन (A) :** बसोहली शैली का उदय पहाड़ी लोक-कला एवं मुगल लघुचित्र प्रविधि के मधुर मिलन के फलस्वरूप हुआ ।

**कारण (R) :** बसोहली शैली का कोई भी चित्रकार मुगल दरबार से नहीं था । **1**

(i) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(ii) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(iii) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(iv) (A) गलत है तथा (R) सही है ।

(F) कौन सा मुगल शासक कलाकारों का समर्थक नहीं था ? **1**

(i) हुमायूँ (ii) अकबर

(iii) जहाँगीर (iv) औरंगज़ेब

(G) 1921 के भारतीय राष्ट्रीय ध्वज़ के मध्य में किसकी आकृति दर्शायी गयी थी ? **1**

(i) चरखा (ii) अशोक चक्र

(iii) स्वास्तिक (iv) अष्टकमल

(H) जन सामान्य के दैनिक संघर्ष को प्रदर्शित करता शिल्प 'संथाल परिवार' किसके द्वारा निर्मित है ? **1**

(i) देवी प्रसाद रायचौधरी (ii) रामकिंकर वैज

(iii) डॉ. अरविन्द सिंहानिया (iv) के. लक्ष्मा गौड़

## खण्ड – ख

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** **$5 \times 2 = 10$**

**(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों में अपेक्षित है ।)**

2. (a) अपने गुरु के प्रति आदर और श्रद्धा के भाव प्रदर्शित करते इस दक्खिनी शैली चित्र में अमीर खुसरो को एक वाद्य यंत्र के साथ चित्रित किया गया है ।

(i) अपने पाठ्यक्रम में शामिल इस चित्र को पहचानकर इसका शीर्षक एवं माध्यम बताइए ।

(ii) चित्रकला की मुख्य उपशैली का जिक्र करते हुए इसकी संयोजन व्यवस्था का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । **2**

**अथवा**

(E) **Assertion (A) :** Basohli school emerged as a result of the sweet union of Pahari folk-art and Mughal miniature technique.

**Reason (R) :** Although none of the painters of Basohli school were from the Mughal court. **1**

(i) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(ii) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).

(iii) (A) is true but (R) is false.

(iv) (A) is false but (R) is true.

(F) Which Mughal ruler was not a supporter of Artists ? **1**

(i) Humayun (ii) Akbar

(iii) Jahangir (iv) Aurangzeb

(G) Which figure was shown in the middle of the Indian National Flag of 1921 ? **1**

(i) Spinning Wheel (ii) Ashoka Chakra

(iii) Swastika (iv) Ashtakamal

(H) By whom the sculpture 'Santhal Family' depicting the daily struggle of the common man is made ? **1**

(i) Devi Prasad Roychowdhury (ii) Ramkinkar Vaij

(iii) Dr. Arvind Singhania (iv) K. Laxma Goud

## SECTION – B $5 \times 2 = 10$

**(Short answer type questions)**

**(Answer for these questions is expected in around 100 words.)**

2. (a) Amir Khusro is depicted with a musical instrument in this Deccan painting showing respect and reverence for his teacher.

(i) Identify this painting included in your course of study and write its title and medium.

(ii) Mentioning the sub school of the painting, describe its compositional arrangement in your own words. **2**

**OR**

(b) लगभग 1750 ई. के आसपास चौगन (पोलो) दक्खिनी शाही परिवारों में एक मनोरंजक खेल के रूप में उभरा । इसमें खिलाड़ी की दक्षता घुड़सवारी के गुरों पर भी निर्भर है । इस खेल में महिलाओं की भागीदारी महिला सशक्तिकरण के उत्तम साक्ष्य प्रस्तुत करती है ।

(i) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित ऐसे किसी चित्र को पहचानकर इसके शीर्षक व उपशैली के विषय में लिखिए ।

(ii) चित्र के संयोजन एवं वर्ण व्यवस्था पर प्रकाश डालिए ।

3. (a) बसोहली शैली में प्रकृति के आलंकारिक स्वरूप एवं लोककला के तत्त्वों का समन्वय एक साथ दिखाई पड़ता है, जिसे बसोहली के चित्रकारों ने दिव्य एवं निःस्वार्थ प्रेम के रंग भरकर श्रद्धा और भक्ति से भर दिया ।

(i) अपने पाठ्यक्रम में शामिल बसोहली शैली के चित्र को पहचानकर इसके शीर्षक एवं चित्रकार का नाम लिखिए ।

(ii) चित्र की कलात्मक विशेषताओं का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) ग्रामीण और शहरी पृष्ठभूमि को प्रदर्शित करते काँगड़ा शैली के इस चित्र में गोकुल वासियों को समृद्ध वृंदावन की ओर प्रस्थान करते हुए चित्रित किया गया है ।

(i) चित्र को पहचानकर इसके शीर्षक एवं चित्रकार का नाम लिखिए ।

(ii) चित्र की संयोजन व्यवस्था का वर्णन कीजिए ।

(b) Around 1750 AD, Chaugan (Polo) emerged as a recreational game in the royal families of Deccan. In this, the skill of the player is also dependent on the tricks of horse riding. The participation of women in this game presents the best evidence of women empowerment.

(i) Identify any one such painting included in your syllabus and write about its title and sub school.

(ii) Throw light on the composition and colour arrangement of the painting.

3. (a) In the Basohli school, the coordination of the ornamental form of nature and the elements of folk art is seen together, which was filled with reverence and devotion by the painters of Basohli by filling them with colours of divine and selfless love.

(i) From your course of study identify the painting of Basohli School and write its Title and the Name of the painter.

(ii) Describe the Artistic features of the painting in your own words. **2**

**OR**

(b) Displaying the rural and urban background, this painting from Kangra School depicts the people of Gokul moving towards the prosperous Vrindavan.

(i) Identify the painting and write its title and the name of the painter.

(ii) Describe the compositional arrangement of the painting.

4. (a) मांसपेशियों का प्राकृतिक खिंचाव एवं कार्य में लीन 4 मज़दूर वर्ग व्यक्तियों की असहज वास्तविक मुद्राएँ इनकी मूर्तिकला की मुख्य विशेषता है ।

   (i) अपने पाठ्यक्रम में शामिल इस मूर्तिकार का नाम व इनके शिल्प (मूर्ति) का शीर्षक बताइए ।

   (ii) संयोजन व्यवस्था, माध्यम और तकनीक के आधार पर इस कलाकृति का सौंदर्यात्मक वर्णन कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) हमारे समाज में विधवाओं का जीवन कालान्तर से ही चुनौतीपूर्ण एवं कष्टकारी रहा है । वैधव्य के नाम पर आज भी स्त्री से अनेक सुख छीन लिए जाते हैं और उस पर अनेक सामाजिक प्रतिबन्ध लगा दिए जाते हैं ।

   (i) अपने पाठ्यक्रम में समाहित किसी ऐसे छापा-चित्रकार का नाम बताइए जिसने अपनी कलाकृति में नारी के वैधव्य, की पीड़ा को प्रदर्शित किया हो ।

   (ii) इस छापा-चित्र का शीर्षक बताइए और इसका सौंदर्यात्मक वर्णन कीजिए ।

5. रंगों और तकनीक के प्रयोग के विशेष सन्दर्भ में नीचे वर्णित कलाकार द्वारा बनाई गई कलाकृतियों में प्रमुख भावनाओं को पहचानें और उनकी सराहना करें । **2**

   (a) एम.एफ. हुसैन

   **अथवा**

   (b) राम गोपाल विजयवर्गीय

6. 'माँ' देखने में यह शब्द जितना छोटा है, इसकी व्याख्या उतनी ही जटिल एवं विशाल है । यह वह शब्द है जिसके बिना किसी भी जीव के अस्तित्व की परिकल्पना नहीं की जा सकती । माता का अपने शिशुओं के प्रति अगाध प्रेम की कोई तुलना नहीं की जा सकती, यह अद्वितीय एवं अतुलनीय है । नीचे दी गयी किसी एक कलाकृति की यथोचित सराहना कीजिए जिसमें उपरोक्त भाव प्रकट हुए हों । **2**

   (a) माता एवं शिशु (चित्र)

   **अथवा**

   (b) बच्चे (छापा-चित्र)

4. (a) The natural stretching of the muscles and the uncomfortable, real postures of the 4 working class people engrossed in work are the main features of his sculptures.

   (i) Write the name of this sculptor and the title of his work included in your course of study.

   (ii) Describe this artwork aesthetically on the basis of compositional arrangement, medium and technique. **2**

**OR**

   (b) The life of widows in our society has been challenging and painful since time immemorial. In the name of widowhood, many pleasures are taken away from women and many social restrictions are imposed on them.

   (i) Mention the name of any print-maker included in your syllabus, who has displayed the pain of widowhood of women in his artwork.

   (ii) Write the title of the print and describe it aesthetically.

5. Identify and appreciate the dominant emotions in the artwork created by the artist mentioned below with special reference to the application of colours and technique. **2**

   (a) M.F. Hussain

   **OR**

   (b) Ram Gopal Vijaivargiya

6. 'Maa', as small as this word is, its explanation is as complex and vast as it is. This is the word without which the existence of any living being cannot be envisaged. Nothing can be compared to the deep love of a mother towards her children, it is unique and incomparable.

   Appreciate any one artwork, given below in which the above sentiments have appeared. **2**

   (a) Mother and Child (Painting)

   **OR**

   (b) Children (Graphic – print)

## खण्ड – ग

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** **$2 \times 6 = 12$**

**(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 200 शब्दों में अपेक्षित है ।)**

दिए गए विकल्पों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

7. राजस्थानी शैली के इस चित्रकार ने केशवदास द्वारा रचित "रसिकप्रिया" काव्य को अद्‌भुत तरीके से दो भागों में विभाजित करके चित्रित किया है जिसमें राधा कृष्ण के व्यवहार से क्षुब्ध हैं ।

   अपने पाठ्‌यक्रम में सम्मिलित ऐसे किसी चित्र की पहचान कीजिए । जिसमें उपरोक्त विशेषताएँ निहित हों । तदुपरान्त इस चित्र की व्याख्या निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए :

   (1) चित्र का शीर्षक और इसके चित्रकार का नाम

   (2) माध्यम व उप-शैली

   (3) चित्र की विषय-वस्तु एवं संयोजन व्यवस्था **6**

8. मुगल लघुचित्र शैली पर एक आलोचनात्मक लेख के माध्यम से निम्नलिखित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कीजिए :

   (1) मुगल लघुचित्र शैली का उदय एवं विकास

   (2) मुगल शैली के किसी एक चित्र का विस्तृत वर्णन **6**

9. कला सम्प्रेषण का एक सशक्त माध्यम है । आज़ादी की लड़ाई में भी कला एवं कलाकारों का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष योगदान रहा है । अपने पाठ्‌यक्रम में शामिल ऐसे किन्हीं दो कलाकारों के योगदान को स्पष्ट कीजिए जिनकी कला प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्रता सम्बन्धी आन्दोलनों में इनकी भागीदारी सुनिश्चित करती हो । **6**

## SECTION – C

$2 \times 6 = 12$

**(Long Answer Type Questions)**

**(Answer for these questions is expected in around 200 words.)**

Attempt any **two** questions from the given options :

7. The artist from Rajasthani school of miniature painting has ingeniously divided the painting into two parts representing Rasikpriya poetry of Keshavdas in which Radha is offended by the behaviour of Krishna.

   Identify any painting included in your syllabus which has the above characteristics. Then interpret this painting on the basis of the following points :

   (1) Title of the painting and name of its painter.

   (2) Medium and sub school.

   (3) Theme (subject matter), and compositional arrangement of the painting. **6**

8. Discuss the following points in detail through a critical note on the Mughal school of miniature painting :

   (1) Origin and Development of Mughal School of Painting.

   (2) Describe any one painting of Mughal School in detail. **6**

9. Art is a powerful medium of communication. There has been a direct or indirect contribution of art and artists in the freedom struggle.

   Explain the contribution of any two such artists included in your syllabus, whose art directly or indirectly ensures their participation in freedom related movements. **6**